

Kumar Ramesh
Managing Director

# 1 August 2022

# Career Pathway

No. 1 COMPETITIVE EXAM PREP INSTITUTE

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

IAS | HAS | NT

BANK | SSC | ALL COMPETITIVE EXAMS

Helpline & 98052-91450

## 1 अगस्त का इतिहास

- **1920 :** महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदत्ता केसर ए हिंद पुरस्कार को लौटाया।
- **1958 :** आचार्य विनोबा भावे को रमन मैगसेसे पुरस्कार दिया गया।
- **1894 :** पहला चीन और जापान युद्ध शुरू हुआ।
- **1899 :** प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पत्नी कमला नेहरू का जन्म हुआ था।
- **1920 :** विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और भारतीय राष्ट्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक का निधन हुआ था।

## 1 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत साल 2025 में होने जा रहे महिला एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसकी घोषणा भी कर दी है। भारत में इससे पहले 2013 में महिला विश्व कप हुआ था। मुंबई में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर खिताब जीता था। मेजबानों का चयन क्लेयर कॉनर, सौरव गांगुली और रिकी स्केरिट के साथ मार्टिन स्नेडेन की अध्यक्षता में एक बोर्ड उप-समिति की देखरेख में एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। भारत 2025 में 50 ओवर के महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। महिला का टी-20 विश्वकप 2024 में बांग्लादेश में होगा।
- 44वां अंतर्राष्ट्रीय शतरंज ओलंपियाड दुनिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन 28 जुलाई से 10 अगस्त तक ममल्लापुरम के पुंजेरी गांव में आयोजित किया जाएगा। यह स्थल यूनेस्को की विरासत स्थल है, जो चेन्नई, तमिलनाडु से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। साल 2013 में विश्व चैंपियनशिप मैच के बाद भारत में होने वाला यह शतरंज खेल का बड़ा आयोजन है।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने तीन देशों को एसोसिएट सदस्य का दर्जा दिया है। उज्बेकिस्तान, कंबोडिया और आइवरी कोस्ट आईसीसी के नए सदस्य बने हैं। बर्मिंघम में आईसीसी की वार्षिक बैठक के दौरान इस बात का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आईसीसी के सदस्य देशों की कुल संख्या 108 हो गई है जिसमें 96 एसोसिएट सदस्य है।
- नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फाइनल में माटेओ बेरेटिनी को 4-6, 7-6, 6-2 से हराकर एटीपी 250 का खिताब बरकरार रखा। यह जीत रूड के करियर का नौवां और इस साल का तीसरा खिताब है। रूड ने 2 घंटे 36 मिनट में बेरेटिनी को 4-6, 7-6, 6-2 से हराया।
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा ने 2021 में अपने नेटवर्थ में 54 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 84,330 करोड़ रूपये के साथ भारत में सबसे अमीर महिला के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। रोशनी नादर की कुल संपत्ति 84,330 करोड़ रूपये है।
- रूस ने 2024 के बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को छोड़ने का फैसला किया है। मास्को की अंतरिक्ष एजेंसी के नवनियुक्त प्रमुख ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह जानकारी दी। क्रेमलिन द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि रॉस्कॉस्मोस के प्रमुख यूरी बोरिसोव ने पुतिन से कहा बेशक हम अपने भागीदारों के लिए अपने सभी दायित्वों को पूरा करेंगे, लेकिन 2024 के बाद इस स्टेशन को छोड़ने का निर्णय ले लिया गया है। राष्ट्रपति ब्लामिदिर पुतिन को भी इससे अवगत करा दिया गया।
- भारतीय क्रिकेट टीम की घरेलू स्पर्धाओं की टाइटल स्पॉन्सर फिनटेक कंपनी पेटीएम ने पेटीएम इसे छोड़ने का फैसला किया है। भारतीय टीम का नया स्पॉन्सर पेटीएम की जगह मास्टरकार्ड को बना दिया गया है। टीम इंडिया अब भारत में घरेलू ओर इंटरनेशनल जो भी सीरीज खेलेगी तो उसकी स्पॉन्सरशिप पर मास्टरकार्ड का ऐड होगा।
- हिमाचल प्रदेश और नागालैंड में पहले से स्थापित पारिवारिक न्यायालय को वैधानिक कवर देने के लिए यह विधेयक पारिवारिक न्यायालय एक्ट, 1987 में संशोधन करेगा। विधेयक हिमाचल प्रदेश और नागालैंड सरकारों और इन राज्यों की पारिवारिक अदालतों द्वारा इस अधिनियम के तहत की गई सभी कार्रवाइयों को पूर्वव्यापी रूप से मान्य करने के लिए एक नई धारा 3ए सम्मिलित करेगा।
- राष्ट्रीय परिवार नियोजन शिखर सम्मेलन 2022 का आयोजिन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य ओर परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने की। इस शिखर सम्मेलन का विषय सतत प्रयास, सहभागिता को आगे ले जाना, परिवार नियोजन में भविष्य की योजना को साकार रूप देना, सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास। इस कार्यक्रम के दौरान भारत परिवार नियोजन 2030 दृष्टि दस्तावेज का भी अनावरण किया गया।
- द मोंकीज के सह-निर्माता और फिल्म फाइव इजी पीसेज के निर्देशक बॉब राफेलसन का निधन हो गया। बॉब राफेलसन का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राफेलसन एक लेखक, निर्देशक और निर्माता के रूप में अमेरिकी फिल्म जगत में एक बड़ी हस्ती थे।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस (National Mountain Climbing) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 30 जुलाई (B) 31 जुलाई
(C) 1 अगस्त (D) 4 अगस्त

**(C)** राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस हर साल 1 अगस्त को मनाया जाता है। राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस मनाने के पीछे दो मित्रो की कहानी है। इन दो मित्रो का नाम बॉबी मैथ्यू ओर जोश मैडिगन था। यह दोनो अमेरीकन नागरिक थे। इन दोनों ने अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एडिरोंडैक पर्वत नाम के पहाड़ की 46 ऊंची चोटियों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की थी। उन्होंने 1 अगस्त 2015 को अंतिम 46वें शिखर पर चढ़ाई की थी।



**2. कौनसा बैंक विलय के बाद दुनिया के टॉप 10 बैंकों के क्लब में शामिल हो जायेगा?**

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) HDFC बैंक
(C) ICICI बैंक (D) पंजाब नेशनल बैंक

**(B)** HDFC बैंक और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी HDFC का आपस में विलय होने जा रहा है, जिसका ऐलान पहले ही किया जा चुका है। जैसे ही एचडीएफसी समूह के दोनों वित्तीय संस्थानों का आपस में मिलय हो जाएगा, एचडीएफसी बैंक दुनिया के टॉप 10 बैंकों के क्लब में शामिल हो जाएगा।




**3. बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय दल की ध्वजवाहक किसे बनाया गया ?**

(A) पीवी सिंधु (B) सायना नेहवाल
(C) नीरज चोपड़ा (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पीवी सिंधू भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया गया। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को ध्वजवाहक बनाने की उम्मीद थी लेकिन विश्व चैंपियनशिप में लगी ग्रोइन चोट के कारण उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों से हटने के लिए बाध्य होना पड़ा।




**4. भारतीय रिजर्व बैंक ने IDBI Bank के लिए बोलीदाताओं को कितने प्रतिशत से अधिक के स्वामित्व की अनुमति दी ?**

(A) 10 प्रतिशत (B) 27 प्रतिशत
(C) 40 प्रतिशत (D) 50 प्रतिशत

**(C)** भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-वित्तीय संस्थानों और गैर-विनियमित इकाइयों को IDBI Bank में 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी देने के केंद्र के आग्रह को संभवतः स्वीकार कर लिया है। केंद्र रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के जरिये इस बैंक में 51 से 74 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के बारे में विचार कर रहा है।

IDBI BANK

**5. भारत में मुस्लिम महिला अधिकार दिवस (Muslim Women's Right Day) कब मनाया जाता है ?**

(A) 31 जुलाई (B) 1 अगस्त
(C) 3 अगस्त (D) 5 अगस्त

**(B)** भारत में मुस्लिम महिला अधिकार दिवस हर साल 1 अगस्त को मनाया जाता है। पहला मुस्लिम महिला अधिकार दिवस 2020 में मनाया गया था। भारत सरकार ने ट्रिपल तलाक के सामाजिक कदाचार को आपराधिक बनाने के लिए 1 अगस्त 2019 को ट्रिपल तलाक के खिलाफ कानून बनाया था।



6. **रामसर संधि के तहत कितने भारतीय स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में मान्यता दी गई है ?**

(A) 3 (B) 5
(C) 7 (D) 10

**(B)** रामसर संधि के तहत 5 भारतीय स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में मान्यता दी गई है, जिससे देश में ऐसे स्थलों की संख्या अब 54 हो गई है। जिन पांच नए स्थलों को रामसर सूची में शामिल किया गया है उनमें तमिलनाडु के तीन और मिजोरम का एक तथा मध्य प्रदेश का एक शामिल है।




7. **हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कितने लाख करोड़ रूपये के बीएसएनएल के रिवाइवल पैकेज को मंजूरी दी ?**

(A) 1.05 लाख करोड़ (B) 1.25 लाख करोड़
(C) 1.64 लाख करोड़ (D) 1.99 लाख करोड़

**(C)** हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1.64 लाख करोड़ रूपये के बीएसएनएल के रिवाइकल पैकेज को मंजूरी दी। 4 जी सेवाएं प्रदान करने के लिए बीएसएनएल को 900/1800 मेगाहर्ट्ज बैंड में इक्विटी निवेश के माध्यम से 44,993 करोड़ रूपये की लागत से प्रशासनिक रूप से स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। बीएसएनएल की अधिकृत पूंजी 40,000 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 1,50,000 करोड़ की जाएगी।




8. **पुलिस की उपस्थिति और गश्त की रीयल टाइम निगरानी के लिए एप आधारित स्मार्ट ई बीट प्रणाली किस राज्य ने शुरू की है ?**

(A) हरियाणा (B) राजस्थान
(C) महाराष्ट्र (D) असम

**(A)** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरूग्राम में पुलिस की उपस्थिति और गश्त की रीयल टाइम निगरानी के लिए एप आधारित स्मार्ट ई बीट प्रणाली शुरू की है। इस सिस्टम को भविष्य में इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा ताकि डायल-112 पर मिलने वाली कॉल पर ERV के अलावा ये राइडर भी मदद के लिए पहुंच सकें।



9. **हाल ही में बाल रक्षा मोबाइल ऐप किसने लॉन्च किया ?**

(A) धर्मेंद्र प्रधान (B) रामनाथ कोविंद
(C) सर्बानंद सोनोवाल (D) मनसुख मंडाविया

**(C)** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बाल रक्षा मोबाइल ऐप लॉन्च किया। यह आयुर्वेद के माध्यम से बाल रोग निवारक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए शुरू किया गया है। ऐप माता-पिता से उनके बच्चों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा पर किट के प्रभाव पर प्रतिक्रिया भी एकत्र करेगा। सर्बानंद सोनोवाल ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में बच्चों के लिए टीकाकरण केंद्र का भी उद्घाटन किया।



10. **एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा जारी वार्षिक वर्ल्ड एयरपोर्ट ट्रैफिक डेटासेट 2021 के अनुसार दुनिया के टॉप 20 व्यस्ततम की सूची में कौनसा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शीर्ष स्थान पर रहा है ?**

(A) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (नई दिल्ली)
(B) हार्ट्सफील्ड जैक्सन अटलांटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (जॉर्जिया)
(C) किंग फहद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (सऊदी अरब)
(D) डलास/फोर्ट वर्थ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (टेक्सास)

**(B)** वार्षिक वर्ल्ड एयरपोर्ट ट्रैफिक डेटासेट 2021 के अनुसार दुनिया टॉप 20 व्यस्ततम एयरपोर्ट की सूची में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 13 वें स्थान पर रहा है। वर्ल्ड एयरपोर्ट ट्रैफिक डेटासेट सबसे व्यापक हवाई अड्डा सांख्यिकी डेटासेट है जिसमें 180 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 2600 से अधिक हवाई अड्डों के लिए हवाई अड्डा यातायात का विश्लेषण किया जाता है।

